प्रादेशिक समाचार
दिनांक–20.04.2024 (दोपहर–1455 बजे)

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाराष्ट्र के परभणी में एक रैली को संबोधित किया। उन्होंने पिछले दशक में सबका साथ, सबका विकास के साथ समावेशी विकास के लिए एनडीए सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया, सीमा पार आतंकवाद समाप्त करने सहित भविष्य की प्रगति का वादा किया। श्री मोदी ने जनता को आश्वस्त किया कि सरकार गरीबी से सक्रियता से निपट रही है। इससे पहले प्रधानमंत्री ने महाराष्ट्र के नांदेड में एक रैली को संबोधित करते हुए पहले चरण के मतदान पर संतोष जताया और लोगों से आगे होने वाले चुनावों में भी भारी संख्या में मतदान करने की अपील की।

****

कांग्रेस के वरीय नेता राहुल गांधी का भागलपुर जाने के क्रम में आज देवघर एयरपोर्ट पर आगमन हुआ, जहां पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इस मौके पर श्री गांधी ने कार्यकर्ताओं से इंडी गंठबंधन के प्रत्याशियों के समर्थन में पूरी ताकत झोंक देने का आह्वान किया।

****

साहिबगंज के उपायुक्त–सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी हेमंत सती ने आज पोस्टल बैलेट कोषांग, मीडिया–सह– हेल्प डेस्क कोषांग, सोशल मीडिया कोषांग और सामग्री कोषांग का निरीक्षण किया । इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियो को कई निर्देश दिए।

****

सरायकेला–खरसावां जिले में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरुक करने के लिए आज चांडिल प्रखंड के रसूनिया पंचायत के सुख सारी गांव में जागरूकता अभियान चलाया गया। जेएसपीएलएस की ओर से इस मौके पर रंगोली और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

****

भारत के मुख्य न्यायाधीश डॉ. डी वाई चंद्रचूड़ ने कहा है कि नए आपराधिक कानूनों का लागू होना स्पष्ट रुप से दर्शाता है कि देश बदल रहा है। आज नई दिल्ली में एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए डॉ. चंद्रचूड़ ने कहा कि भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम का लागू होना दर्शाता है कि देश अपनी आपराधिक न्याय प्रणाली में महत्वपूर्ण परिवर्तन करने के लिए तैयार है। । डॉ. चंद्रचूड़ ने कहा कि आपराधिक जांच के मामलों में न्यायपालिका को एआई की मदद से जांच की प्रगति में मदद मिलेगी।

****

नगर विकास विभाग ने प्रधानमंत्री आवास योजना, शहरी के तहत बन चुके आवासों में बिजली–पानी और शौचालय की सुविधा जून माह के अंत तक उपलब्ध कराने का निर्देश अधिकारियों को दिया है, ताकि लाभुकों का गृह प्रवेश कराया जा सके. गौरतलब है कि राज्य में अब तक एक लाख के लगभग प्रधानमंत्री आवास का निर्माण कार्य लगभग पूरा कर लिया गया है।

****

दुमका जिले में निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध अबतक मात्र दो दशमलव सात प्रतिशत ही धान अधिप्राप्ति हो सकी है।

****

गिरिडीह जिले के खुखरा थाना क्षेत्र के चतरो जंगल में सुरक्षा बलों ने आज सवेरे छापेमारी अभियान चलाकर एक बंकर से एक बंडल कोडेक वायर बरामद किया। पुलिस ने बताया कि लोकसभा चुनाव के दौरान पुलिस को निशाना बनाने के लिए उग्रवादियों ने इसे छिपाकर रखा था। इलाके में छापेमारी अभियान जारी रहेगा।

****

राजधानी रांची के डेली मार्केट थाना क्षेत्र से पुलिस ने मोबाइल चोरी करने के चार आरोपियों को आज गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से चोरी के तेरह मोबाइल फोन भी पुलिस ने बरामद किए हैं।

****

भारत के पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर आज रांची के ओरमांझी में यूथ फाउंडेशन के कार्यक्रम में शामिल हो रहे हैं। यह कार्यक्रम महिला फुटबॉल खिलाड़ियों के सम्मान में आयोजित हो रहा है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन यहां के यूथ फाउंडेशन के साथ मिलकर खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने

में सहयोग करता रहेगा। इससे पहले रांची एयरपोर्ट पर उनका भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा जिला प्रशासन के कई अधिकारी और खेल प्रेमी यहां मौजूद थे।

******समाप्त******